## संपादकीय

### स्थानीय भाषा में नवाचार कार्यक्रम का आधार

दुनिया के अधिकांश हिस्सों की तरह भारत में भी मुख्यधारा के नवाचार इकोसिस्टम में पूरी तरह से भाग लेने के लिए एक नवोन्मेषी को अंग्रेजी में दक्षता की आवश्यकता होती है। एक स्थानीय भाषा का नवोन्मेषी, जो अंग्रेजी नहीं जानता है, संभवतः एक अंग्रेजी बोलने वाले की तुलना में उतनी आसानी से निवेश नहीं जुटा पायेगा, चाहे उसका नवाचार आधारित समाधान कितना भी रचनात्मक हो। ऐसा क्यों हो? क्या रचनात्मक अभिव्यक्ति कामकाज की भाषा पर निर्भर होनी चाहिए? बिल्कुल नहीं! हमने इस सम्बन्ध में कला क्षेत्र में बहुत सारे उदाहरण देखे हैं, जहां कुछ सबसे रचनात्मक कलाकार अंग्रेजी नहीं जानते हैं।

इसलिए यह स्थानीय भाषा में नवाचार कार्यक्रम (वर्नाक्युलर इनोवेशन प्रोग्राम-वीआईपी) तैयार करने का समय है, जो व्यवस्था के तहत रचनात्मक अभिव्यक्ति और भाषा को अलग-अलग करता है। अटल नवाचार मिशन (एआईएम), भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका संचालन नीति आयोग करता है। मिशन ऐसे ही एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ करने वाला है।

2011 की जनगणना के अनुसार, केवल 10.4 प्रतिशत भारतीय अंग्रेजी बोलते हैं और इनमें से अधिकांश के लिए यह दूसरी, तीसरी या चौथी भाषा है। आश्चर्य नहीं कि केवल 0.02 प्रतिशत भारतीय ही अपनी पहली भाषा के रूप में अंग्रेजी बोलते हैं। एक दशक बाद भी इस संख्या में बहुत बदलाव होने की संभावना नहीं है। फिर हमें स्थानीय भाषा के नवोन्मेषकों के लिए समान अवसर क्यों नहीं उपलब्ध कराना चाहिए, जो हमारी 90 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम निश्चित रूप से जानते हैं कि यह समूह भी, चाहे वे कोई भी भारतीय भाषा बोलते हों, कम-से-कम बाकी लोगों के समान ही रचनात्मक प्रतिभा के धनी हैं। स्थानीय भाषा में नवाचार कार्यक्रम (वर्नाक्युलर इनोवेशन प्रोग्राम-वीआईपी) बनाने का क्या अभिप्राय है? एक स्तर पर, इसका मतलब एक नवाचार इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां एक स्थानीय नवोन्मेषक (ए) डिजाइन अवधारणा और उद्यमिता के आधुनिक विषयों को सीख सकता है, (बी) वैश्विक बाजारों तक पहुंच बना सकता है और (सी) निवेश आकर्षित कर सकता है। यह नवाचार और उद्यमिता से जुड़े जोखिमों को पूरी तरह कम करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह सिर्फ भाषा की बाधा को दूर करने से सम्बंधित है। भारत के सन्दर्भ में इसका मतलब 22 अनुसूचित भाषाओं के लिए अलग-अलग इकोसिस्टम तैयार करना है।

स्थानीय नवोन्मेषकों के लिए डिजाइन अवधारणा और उद्यमिता को सुलभ बनाने का पहला कदम इन आधुनिक विषयों को स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराने पर आधारित है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है- स्थानीय संस्कृतियों से इन्हें जोड़ना। एक भाषा से दूसरी भाषा में विषयों का अनुवाद युगों से होता आ रहा है। किसी भी अन्य पुस्तक की तुलना में हर गुजरते साल के साथ भगवद गीता का अधिक से अधिक अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि सरल अनुवाद का विचार नया नहीं है।

अब तक जो नहीं हो पाया है, वह है- इन विषयों को स्थानीय संस्कृतियों के अनुकूल बनाना। इसका सीधा अर्थ यह है कि इस तरह के अनुकूलन के लिए एक योजनाबद्ध तरीका मौजूद नहीं है, जो आवश्यक है। आखिरकार, एक पंजाबी व्यवसायी, एक तमिल व्यवसायी के समान नहीं हैं, भले ही वे दोनों समान व्यावसायिक सिद्धांतों का पालन कर रहे हों। इसी तरह, एक बंगाली उपभोक्ता, गुजराती उपभोक्ता के समान नहीं है। उनकी संस्कृतियों में सूक्ष्म अंतर हैं, जिनके बारे में हम सभी जानते हैं, लेकिन हमें इन अंतरों को व्यवस्थित रूप से व्यक्त करने की आवश्यकता नहीं है। तो, इसे कैसे किया जाए? आइए हम इस पर एक प्रणाली के रूप में विचार करें।

*- चिंतन वैष्णव, पीवी मधुसूदन राव*

## इंडिया, पाकिस्तान और श्रीलंका जो नहीं कर सके न्यूजीलैंड में वह बांग्लादेश ने कर दिखाया, तोड़ा 10 साल पुराना सिलसिला



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की धरती पर टेस्ट मैच जीतना किसी भी विदेशी टीम के लिए बड़ी बात है। पिछले 10 सालों में भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी एशियाई टीमें यहां एक भी टेस्ट नहीं जीत पाई हैं, लेकिन बांग्लादेश ने यह सिलसिला तोड़ डाला है। बे ओवल मैदान पर खेले गए दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने मेजबान टीम को आठ विकेट से हराकर यह 10 साल पुराना सिलसिला तोड़ा। पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड में जीत दर्ज करने वाली महज दो टेस्ट टीमें रही हैं। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के अलावा और कोई भी टीम इससे पहले पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड को उसके घर में नहीं हरा पाई है।

पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड ने होम ग्राउंड पर कुल 40 टेस्ट मैच खेले हैं और इस दौरान उसे महज पांच बार ही हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड को दो-दो बार ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने हराया है, जबकि एक बार यह कारनामा बांग्लादेश ने कर दिखाया है। इंग्लैंड ने पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड में सबसे ज्यादा सात टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन इसमें से एक भी जीत नहीं पाया है, वहीं श्रीलंका छह बार पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड की धरती पर टेस्ट मैच खेल चुका है, लेकिन एक भी जीत नहीं पाया। भारत और पाकिस्तान दोनों ने न्यूजीलैंड में पिछले 10 सालों में चार-चार टेस्ट खेले हैं, लेकिन इन दोनों टीमों की झोली भी जीत से खाली ही रही।भारत ने एक टेस्ट ड्रॉ कराया, तो वहीं पाकिस्तान ने चारों मैच में हार का सामना किया। श्रीलंका ने छह में से पांच मैच जीते, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। इंग्लैंड की बात करें तो उसका प्रदर्शन इन एशियाई टीमों से बेहतर रहा। इंग्लैंड ने पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड में सात टेस्ट खेले, जिसमें से दो में उसे हार झेलनी पड़ी, जबकि बाकी पांच टेस्ट ड्रॉ पर छूटे। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया दो ही ऐसी टीमें हैं, जो पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड की धरती पर एक भी टेस्ट नहीं हारी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट खेले और दोनों ही जीते, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने कुल छह टेस्ट मैच खेले, जिसमें दो जीते और चार मैच ड्रॉ कराए।

## स्टेट बैंक में आईएमपीएस ट्रांजैक्शन की सीमा हुई 5 लाख




**मुंबई ।** ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक ने आईएमपीएस के माध्यम से धनराशह हस्तांतरण की दो लाख रुपये की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। बैंक ने आज यहां जानकारी देते हुये कहा कि योनो सहित इंटरनेट बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से किए गए आईएमपीएस लेनदेन पर 5 लाख रुपए तक कोई सेवा शुल्क नहीं लगेगा। शाखा चैनल के माध्यम से किए गए आईएमपीएस के सेवा शुल्क में मौजूदा स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, दो लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये के लिए एक नया स्लैब जोड़ा गया है और एक फरवरी 2022 से इस स्लैब के लिए प्रस्तावित सेवा शुल्क 20 और जीएसटी तय किया गया है।

आईएमपीएस पर सेवा शुल्क एनईएफटी/आरटीजीएस लेनदेन पर सेवा शुल्क के अनुरूप हैं।

## बीबीएल में कोरोना का प्रकोप, ब्रिस्बेन हीट और सिडनी सिक्सर्स के बीच होने वाला मैच स्थगित



**नई दिल्ली।** कोरोना का प्रकोप पूरी दुनिया एक बार फिर बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में बिग बैश लीग 2021-22 भी इस महामारी से प्रभावित हो रहा है। ब्रस्बिन हीट फ्रेंचाइजी में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते के कारण ब्रिस्बेन हीट और सिडनी सिक्सर्स के बीच होने वाले मैच को स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को ब्रस्बिन हीट फ्रेंचाइजी में कोरोना संक्रमण के मामले सामने के बाद बिग बैश लीग के शेड्यूल में बदलाव करना पड़ा था।

**ग्लेन मैक्सवेल कोरोना पॉजिटिव**- वहीं, मेलबर्न स्टार्स ने जानकारी दी कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। मेलबर्न स्टार्स ने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ जीत दर्ज की, जिसके बाद टीम के कप्तान मैक्सवेल रैपिड एंटीजेन टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव पाए गए। मैक्सवेल आइसोलेशन में हैं और उनकी आरटी पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार है। मेलबर्न स्टार्स के अभी तक कुल 12 खिलाड़ी और आठ स्टाफ मेंबर्स कोरोना पॉजिटिव पाए जा चुके हैं।

इस बीच मेलबर्न स्टार्स के लिए अच्छी खबर यह है जिसमें एडम जाम्पा, मार्कस स्टॉयनिस और नाथन कूल्टर नाइल समेत 10 खिलाड़ियों का सात दिनों का अनिवार्य आइसोलेशन पीरियड अगले मैच तक पूरा हो जाएगा। अगले दो दिनों में इन खिलाड़ियों का अनिवार्य आइसोलेशन पीरियड खत्म हो जाएगा और टीम के अगले मैच के लिए ये सभी चयन के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।मेलबर्न स्टार्स के लिए मौजूदा बीबीएल कुछ खास नहीं रहा है, टीम ने अभी तक कुल आठ मैच खेले हैं, जिसमें से महज तीन में ही जीत दर्ज की है। आठ टीमों में मेलबर्न स्टार्स सातवें पायदान पर है। मेलबर्न स्टार्स का अगला मुकाबला एडिलेड स्ट्राइकर्स से है। यह मैच 7 जनवरी को खेला जाना है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक को आरबीआई से अनुसूचित बैंक का दर्जा मिला




**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुसूचित बैंक की सूची में स्थान दिया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के अनुसार, अनुसूचित बैंक का दर्जा मिलने के बाद अब यह बैंक सरकार की ओर से जारी किए जाने वाले प्रस्ताव के लिए आवेदनों (आएएफपी) तथा प्रतिभूतियों की प्राथमिक नीलामी में भाग लेने के साथ–साथ केंद्र और राज्य सरकारों के काम करने का पात्र हो गया है। बैंक सरकार द्वारा परिचालित कल्याण योजनाओं के कम भी सकता है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अणुव्रत विश्वास ने एक बयान में कहा, ''बैंक के लिए यह मान्यता मिलना हमारी विस्तार यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे हम पर हमारे ग्राहकों का भरोसा और अधिक मजबूत होगा।'' बैंक इस समय भारत में डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में सबसे तेजी से विस्तार कर रहे बैंकों में है। उसका कहना है कि उसने पांच लाख से अधिक स्थानों पर बैंकिंग की सुविधा कर रखी है और उसके प्लेटफार्म का उपयोग करने वालों की संख्या 11.5 करोड़ है। सितंबर 2021 की तिमाही से बैंक लाभ में आ गया है।

## किआ कारेन्स की बुकिंग 14 जनवरी से




**नई दिल्ली ।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी किआ इंडिया ने आज किआ कारेन्स की बुकिंग 14 जनवरी से शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि तीन कतार वाले रिक्रिएशनल वाहन कारेन्स को 5 ट्रिम लेवल्स - प्रीमियम, प्रेस्टीज, प्रेस्टीज प्लस, लक्ज़री और लक्ज़री प्लस में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही इसमें कई पावरट्रेन और सीटिंग के विकल्प भी मिलेंगे। सभी 5 ट्रिम लेवल में स्टैंडर्ड के रूप में मजबूत 10 हाई-सेफ्टी पैकेज दिया गया है फैमिली ड्राइव के लिए और भी सुरक्षित कार बनाएगा।

उसने कहा कि इसके साथ ही, इसमें 26.03 सेमी एचडी टचस्क्रीन नेविगेशन के साथ नेक्स्ट जेनरेशन किआ कनेक्ट, 8 स्पीकर के साथ बोस प्रीमियम साउंड सिस्टम, वायरस और बैक्टीरिया से सुरक्षा के साथ स्मार्ट प्योर एयर प्यूरीफायर, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट, दूसरी कतार की सीट वन टच इज़ी इलेक्ट्रिक टम्बल के साथ और स्काईलाइट सनरूफ जैसे कई फर्स्ट-इन-क्लास फीचर्स दिए गए हैं। कारेन्स तीन पावरट्रेन विकल्पों - स्मार्टस्ट्रीम 1.5 पेट्रोल, स्मार्टस्ट्रीम 1.4 टी जीडीआई पेट्रोल और 1.5 सीआरडीआई वीजीटी डीजल के साथ उपलब्ध होगी। इसके अलावा, ग्राहकों को तीन ट्रांसमिशन विकल्पों - 6एमटी, 7डीसीटी और 6 एटी में से चुनने का विकल्प भी मिलेगा। वाहन को प्रीमियम से लक्ज़री ट्रिम्स में सेवन सीटर विकल्प में पेश किया जाएगा, जबकि लक्ज़री प्लस ट्रिम 6 और 7 सीटर दोनों विकल्पों के साथ उपलब्ध होगा।

## आज का राशिफल

मेष : अपने आप पर एक सीमा के बाद दबाव न डालें और पर्याप्त आराम लें। जल्दबाज़ी में फ़ैसले न लें- ख़ासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक़्त ।

वृष : बेकार के ख्यालों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें, बल्कि इसे सही दिशा में लगाएं। व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है।

मिथुन : अपने आहार पर नियंत्रण रखें और चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। जो लोग अब तक पैसे को बिना सोचे विचारे उड़ा रहे थे उन्हें आज पैसे की बहुत आवश्यकता पड़ सकती है।

कर्क: किसी झगड़ालू इनसान से वाद-विवाद आपका मूड ख़राब कर सकता है। समझदारी से काम लें और अगर संभव हो तो इससे बचें।

सिंहः आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीज़ों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। अपने ख़र्चों पर क़ाबू रखें ।

सिंहः आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीज़ों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। अपने ख़र्चों पर क़ाबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें।

कन्याः सेहत को देखभाल की ख़ास ज़रूरत है। आर्थिक जीवन में आज खुशहाली रहेगी। इसके साथ ही आप कर्जों से भी आज मुक्त हो सकते हैं।

तुला : आउटडोर खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फ़ायदा पहुंचाएंगे। व्यापार में आज अच्छा खास मुनाफा होने की संभावना है।

वृश्चिकः सुकून हासिल करने लिए कुछ पल करीबी दोस्तों के साथ बिताएं। आप ख़ुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे, जो आपको आर्थिक फ़ायदा पहुंचाएंगे।


धनु : मानसिक शांति के लिए किसी दान-पुण्य के काम में सहभागिता करें। आज के दिन सोच समझकर चलें।

मकरः योग और ध्यान आपको बेडौल होने से बचाने और मानसिक तौर पर सेहतमंद रखने में मददगार साबित होंगे।

कुंभ : आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें।

मीन : आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी। ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं।

## हीरोपंती 2 से भूल भुलैया 2 तक, इस साल आएंगी कई हिट फ्रेंचाइजी की फिल्में




बॉलीवुड के लिए नया साल कई वजहों से खास साबित होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। मेकर्स इस उम्मीद में हैं कि इस साल कोरोना महामारी का असर फिल्म इंडस्ट्री पर नहीं पड़ेगा।

आज हम आपको उन हिट फ्रेंचाइजी की फिल्मों से रूबरू कराएंगे, जो 2022 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। दर्शक इन फिल्मों की राह लंबे समय से देख रहे हैं।

टाइगर श्रॉफ की फिल्म हीरोपंती 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म इसी साल अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के पहले भाग हीरोपंती के साथ टाइगर ने बॉलीवुड में कदम रखा था। यह फिल्म हिट साबित हुई थी और टाइगर के अभिनय को भी सराहना मिली थी। हीरोपंती 2 का निर्देशन अहमद खान ने किया है। टाइगर के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और तारा सुतारिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

भूल भुलैया का जादू बड़े पर्दे पर खूब चला था। फिल्म 2007 में आई थी, जिसमें अक्षय कुमार और विद्या बालन नजर आए थे। इसके सीक्वल भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं। वह तब्बू और कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मार्च में दर्शकों के बीच आएगी। अब देखना है कि ऑरिजनल फिल्म की तरह यह फिल्म अपना जलवा दिखा पाती है या नहीं।

## रणवीर सिंह के शो में शिरकत करेंगे काजोल-करण जौहर



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणवीर सिंह का शो द बिग पिक्चर तहलका मचा रहा है। शो को बहुत पसंद किया जा रहा है। आगामी एपिसोड में फिल्मनिर्माता करण जौहर एवं अभिनेत्री काजोल शो में गेस्ट बनकर पहुंचने वाले हैं। काजोल एवं करण जौहर की एंटरटेनिंग पर्सनैलिटी शो में चार चांद लगाने वाली है।

वही कलर्स के इंस्टा हैंडल पर आगामी शो का प्रोमो साझा किया गया है। जिसमें मस्ती, मजाक एवं तहलका साफ देखने को मिलता है। करण जौहर, काजोल, रणवीर सिंह ने सेट पर फिल्म कभी खुशी कभी गम के लोकप्रिय ट्रैक बोले चूड़ियां पर डांस किया। बिहाइंड द सीन वीडियो में तीनों स्टार्स के बीच मस्ती भरे मोमेंट्स देखने को मिलते हैं। करण जौहर सांग गाते तथा डांस करते दिखाई दिए। काजोल और करण जौहर पहली बार रणवीर सिंह के शो में दिखाई देंगे।

## बनाएं मटर का पराठा



कड़ाके की ठंड में मटर के पराठे की बात ही अलग होती है। इन्हें आप एक बार बनाकर तीनों टाइम खा सकते हैं। और सबसे अच्छी बात कि इन्हें बनाने में बहुत ज्यादा वक्त भी नहीं लगता।

### सामग्री :

हरी मटर- 4 कप, हरी धनिया- 1/3 कप, हरी मिर्च- 3-4, लहसुन- 4-5, अदरक- 1 इंच, गरम मसाला पाउडर- 1/2 टीस्पून, अजवाइन- 1 टीस्पून, अमचूर पाउडर- 1 टीस्पून, ऑयल और घी- 2 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार

**आटे के लिए-** आटा- 4 कप, नमक- स्वादानुसार, पानी- आवश्यकतानुसार, घी या तेल मोयन के लिए

### विधि :

कड़ाही में घी या तेल जो आपके पास हो उसे डालकर गर्म होने दें। अब इसमें मटर डालकर सॉफ्ट होने तक भून लें। अच्छी तरह पक जाएं तो इसे ठंडा हो जाने दें। मिक्सी में हरी धनिया, अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और जीरा डालकर दरदरा पीस लें। अब इसमें मटर डालकर उसे भी दरदरा चला लें। फिर इसे पूरे मिक्सचर को एक बाउल में निकाल लें। इसमें अमचूर पाउडर, हल्दी, नमक, अजवायन डालकर मिक्स करें। अब आटे में नमक, घी मिला लें फिर आवश्यकतानुसार पानी डालते हुए इसे गूंथ लें। आटे की लोई बनाएं इसमें मटर वाला मिक्सचर रखकर चारों ओर से लॉक कर दें। हल्के हाथों से बेलें वरना पराठे फट सकते हैं। तवा गर्म होने के लिए रख दें। तेज गर्म हो जाए तब इन पराठों को घी या तेल लगाकर अच्छे से सेंक लें। तैयार है गरमा-गर्म मटर का पराठा। चटनी, अचार, दही या रायते किसी के साथ भी इसे कर सकते हैं सर्व।


## शब्द सामर्थ्य-311

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू- 311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |